इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.

(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)

CIN: L74899DL1999GOI101707

Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

आईआरसीटीसी ने अपने ग्राहकों के लिए ''पुश नोटिफिकेशन'' अर्थात ''श्नीघ सूचना चैनल'' जैसी सेवा प्रारंभ करने जा रही है।

- आईआरसीटीसी ने अपने ग्राहकों के लिए पुश नोटिफिकेशन'' सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल तकनीकी संगठन ''मेसर्स मोमैजिक टेक्नोलॉजीज'' के साथ करार किया है।

- इस तकनीक के माध्यम से ''श्नीघ सूचना चैनल'' के रूप में कार्य करने के लिए सूचनाएं दी जा सकेंगी।

- ट्रेनों में, खानपान सेवाओं, पर्यटन, टिकटिंग आदि से संबंधित सूचनाओं का शीघ्र प्रचार–प्रसार।

- बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए ''श्नीघ नोटिफिकेशन'' तकनीक एक बहुत ही किफायती साधन है।

21 मई 2021: आईआरसीटीसी आज यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य–सत्कार करने वाली एक सुप्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है, जो ई–टिकटिंग के अलावा ट्रेनों, उड़ानों और होटलों की बुकिंग पर ऑन और ऑफ–बोर्ड खानपान सेवाओं के अतिरिक्त अपने संसाधनों के बढ़ोत्तरी में अग्रसर है हवाई यात्रा, ट्रेन यात्रा के तहत लग्जरी, डीलक्स और सामान्य पर्यटक ट्रेनों के माध्यम से न्यूनतम दर पर टूर–पैकेज प्रदान करती है आईआरसीटीसी ने हाल ही में अपनी मौजूदा यात्री सुविधाओं में बस टिकट बुकिंग को भी जोड़ा है।

आईआरसीटीसी यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य–सत्कार साधनों को बढ़ावा देने के लिए अतिशीघ्र ही ग्राहकों के लिए पुश – नोटिफिकेशन प्रारंभ कर रही है । पुश – नोटिफिकेशन क्लिक करने योग्य पॉप–अप संदेश हैं जो मोबाइल उपयोगकर्ताओं के ब्राउजर पर दिखाई देता हैं, भले ही वे किसी भी उपकरण का उपयोग कर रहे हों। ये सूचनाएं एक त्वरित संचार चैनल के रूप में काम करती हैं जो ग्राहकों को संदेश, ऑफर या उत्पादों के बारे में शीघ्र जानकारी देने में सक्षम होगी।

आईआरसीटीसी ने अपने ग्राहकों के लिए पुश नोटिफिकेशन सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल तकनीकी संगठन ''मेसर्स मोमैजिक टेक्नोलॉजीज'' के साथ करार किया है इस तकनीक का उपयोग करते हुए, आईआरसीटीसी ट्रेन की नियमतता, नई ट्रेन लॉन्च होने की खबर, कैटरिंग सेवाओं के साथ–साथ अपनी विभिन्न यात्रा, पर्यटन और टिकट संबंधी सेवाओं को बढ़ावा देने जैसी सूचनाएँ अपने ग्राहकों तक तुरंत पहुँचाने में सक्षम होगी।

आईआरसीटीसी कि इस श्नीघ नोटिफिकेशन तकनीक का उपयोग हवाई यात्रा, होटल और कैब बुकिंग के अतिरिक्त हाल ही में लॉन्च की गई बस बुकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए भी इस तकनीक का प्रयोग कर सकती है।

इस नोटिफिकेशन तकनीक सेवा के लॉन्च से आईआरसीटीसी को अपने ग्राहकों के साथ तुरंत संवाद करने में सक्षम होगी और अपनी विभिन्न सेवाओं जैसे तेजस ट्रेनों, विशेष टूर पैकेज आदि को भी यात्रियों तक पहुचाया जा सकेगा। ग्राहक इस विशेष सेवा को मुफ्त में सब्सक्राइब कर सकते हैं और ट्रेन संसाधनों के बारे में नवीनतम अपडेट भी प्राप्त कर सकते है।

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय रू 11वाँ तलए बी 148ए स्टेटस्मन हाउसए बाराखंभा रोडए नई दिल्ली . 110001 फोन . 23311263ए 44168 ;रेलवेद्धए फॅक्स.23311259

Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259